सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका से '**सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना**' की शुरुआत की।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत जनवितरण प्रणाली दुकानों से लाभार्थियों को **10 रुपए में वर्ष में दो बार एक साड़ी एवं लुंगी या धोती वितरित** की जाएगी।
- इस योजना का लाभ [राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sona-sobran-dhoti-saree-scheme) के तहत आच्छादित **राशन कार्डधारकों को** मिलेगा। योजना में शामिल व्यक्तियों द्वारा राशन कार्ड के साथ-साथ सरकार द्वारा निर्गत पहचान-पत्र, जैसे-**आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, मुखिया या वार्ड पार्षद द्वारा अनुशस्ति-पत्र** को दिखाकर योजना का लाभ उठाया जा सकता है।
- उल्लेखनीय है कि इस योजना की **शुरुआत पहली बार वर्ष 2014 में** की गई थी, जिसका **क्रियान्वयन वर्ष 2015 में रोक दिया गया** था।
- **वर्ष 2020** में सरकार द्वारा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन को स्थगित कर उसकी जगह नई योजना 'सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना' प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sona-sobran-dhoti-saree-scheme